हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 22 .0 डिग्री से.

10 उचाना मंडी में विधायक ने मापी पीआर धान की नमी



10 राजीव गांधी कॉलेज ने जीती इंटर कॉलेज कबड्डी...



## खबर संक्षेप

### चाकू मारकर हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने ई रिक्शा चालक की चाकू मार कर हत्या करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया कि केवल गाली गलौज करने से मना करने पर ही ई रिक्शा चालक की चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी। शहर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गत 11 सितंबर को बुढाबाबा बस्ती निवासी बलराज (53) ऑटो लेकर रोहतक रोड पर सैनी धर्मशाला के निकट सवारियों को इंतजार कर रहा था।

### निर्माणाधीन मकान से दो क्विंटल सरिया चोरी

**जींद।** कृष्णा कालोनी में निर्माणाधीन मकान से चोरों ने दो क्विंटल सरिया समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक आर्य समाज रोड निवासी हरीश की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में हरीश कुमाार ने बताया कि उसने एक प्लाट कृष्णा कालोनी में लिया था। वह इस समय आर्य समाज रोड पर रहा है। कृष्णा कालोनी के प्लाट में भी वह मकान बना रहा है।

### संदिग्ध हालात में महिला और दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों तथा दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव टीटोखेड़ी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं भटनागर कालोनी निवासी शीला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 सितंबर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव पीपलथा से गत 26 सितंबर को महिला गायब हो गई।

### पुत्रवधु ने मायके वालों संग मिल ससुराल पक्ष को पीटा

**जींद।** शीतलपुरी कालोनी में पुत्रवधु द्वारा मायके संग वालों के साथ मिल कर मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने पुत्रवधु समेत आठ लोगों को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीतलपुरी कालोनी निवासी राजपति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पुत्रवधु गांव निजामपुर खुर्द निवासी रिंकी परिवारिक विवाद मे अपने मायके है। जो उन्हें परेशान करती रहती है। अपने मायके वालों के साथ उनके मकान में तोड़फोड़ भी कर चुकी है।

### सभी गांवों में कल होंगी विशेष ग्राम सभाएं: रितु

**कैथल।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रितु लाठर ने बताया कि महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष पर 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा व स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी। इस दिन गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

### पूंडरी चौकी प्रभारी ऋषि ने फिर संभाला कार्यभार

**पूंडरी।** मनोनीत पार्षद अमित सैनी के साथ विवाद के बाद लाइन हाजिर किए गए पूंडरी चौकी प्रभारी एएसआई ऋषि कुमार ने बुधवार को दोबारा पूंडरी चौकी का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद ऋषि कुमार ने कहा कि पुलिस अधिकारियों की ओर से मामले की पूरी जांच की गई और जांच में उन्हें निर्दोष पाया गया। इसके बाद एसपी ने उन्हें दोबारा पूंडरी चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि वे आगे भी पूरी ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। कहा कि पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम लोगों को सुरक्षा उपलब्ध करवाना है। वे आगे भी इसी भावना के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ लोगों की शिकायतों का नियमानुसार समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# गांव संगतपुरा की बेटी निशानेबाज नीरू ढांडा ने एशियन में जीता दूसरा गोल्ड

## नीरू ढांडा और कायनन चेनाई की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा हासिल किया स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले के संगतपुरा गांव की बेटी भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने एशियन गेम्स में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। नीरू ढांडा और कायनन चेनाई की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ भारतीय जोड़ी ने नया एशियन गेम्स रिकार्ड भी कायम किया। फाइनल में भारत का मुकाबला कतर और चीन की जोडिय़ों से था। भारत ने 34 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किए। जबकि कतर के मोहम्मद अल रुमैही और रे बेसिल ने 32 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन की जोड़ी 23 अंक के साथ कांस्य पदक पर रही। भारतीय जोड़ी का 34 अंक का स्कोर पिछले एशियन गेम्स रिकार्ड 30 से बेहतर रहा। नीरू ढांडा के लिए यह एशियन गेम्स बेहद खास रहा है। इससे एक दिन पहले उन्होंने महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा था। वह एशियन गेम्स में व्यक्तिगत ट्रैप शूटिंग का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं। इससे पहले महिलाओं की ट्रैप टीम स्पर्धा में भी भारत को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ग्रामीणों के अनुसार किसान परिवार से निकल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली नीरू ने अपने गांव और पूरे हरियाणा को गौरवांति किया है। नीरू के पिता सुरेश व मां सुदेश देवी ने कहा कि उनकी बेटी ने एशिया में भारत का नाम चमकाया है। उन्हें बेटी पर गर्व है। माता-पिता नीरू की उपलब्धि पर भावुक हो उठे। कहा कि यह जीत की खुशी के आंसू हैं। भगवान नीरू जैसी चाहे 4 बेटियां और दे देता। नीरू ने मध्य प्रदेश में प्रशिक्षण लिया और वह सेना की मार्क्समैनशिप यूनिट में नायब सूबेदार के रूप में सेवाएं दे रही हैं।



■ एशियन गेम्स में व्यक्तिगत ट्रैप शूटिंग का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी

### गांव में खुशी का माहौल

गौरतलब है कि भारतीय मिक्स्ड टीम के फाइनल में शुरुआत के दौरान नीरू को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की। कायनन चेनाई के साथ मिल कर दोनों ने दबाव के बीच बेहतरीन निशाने लगाए और भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। सांगतपुरा गांव में नीरू की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। नीरू ढांडा की लगातार सफलताओं ने भारतीय निशानेबाजी में हरियाणा और जींद की पहचान को और मजबूत किया है। एशियन गेम्स में व्यक्तिगत स्वर्ण के बाद मिक्स्ड टीम का स्वर्ण जीतना उनके शानदार अभियान का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

## पांच के खिलाफ मामला दर्ज, धमकी देने का आरोप

# आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर बीस लाख रुपये हड़पे

### दस लाख रुपये नकद तथा दस लाख रुपये आरोपितों के खाते में डलवाए

### वीजा न लगने पर दिए गए चैक हुए बाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवक को आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर बीस लाख रुपये हड़पने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अमानत में ख्यानात का मामला दर्ज किया है। पिल्लूखेड़ा निवासी हैप्पी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया जाने के लिए कुरूक्षेत्र निवासी प्रमजीत, मोहित, कुलदीप, बिजेंद्र तथा हरदीप से बातचीत हुई। बीस लाख रुपये में अट्रेलिया भेजना तय हो गया। उसने आरोपितों को दस लाख रुपये नगद तथा दस लाख रुपये आरोपितों के खाते मे डलवा दिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी उसे आट्रेलिया नही भेजा गया। रुपयों को लेकर भी समय देने लगे। जिसकी शिकायत पर पुलिस से की गई। जिसके बाद आरोपितों ने बीस लाख रुपये के चैक भर कर दे दिए। जिनकी अंतिम तारिख 15 जुलाई दी गई थी। तय समय पर उसने चैक बैंक में लगाए तो वे राशि न होने के कारण बाउंस हो गए। तब उन्होंने आरोपितों से संपर्क किया तो उन्होंने चैक वापस करने तथा बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने हैप्पी की शिकायत पर कुरूक्षेत्र निवासी परमजीत, मोहित, कुलदीप, बिजेंद्र तथा हरदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर राशि हडपने तथा चैक बाउंस होने की शिकासत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।




एआई जेनरेटेड

### मामले की जांच प्रारंभ

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने हैप्पी की शिकायत पर कुरूक्षेत्र निवासी परमजीत, मोहित, कुलदीप, बिजेंद्र तथा हरदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

### आस्ट्रेलिया में रह रहा भांजा बन कर चार लाख ठगे

**जींद।** साइबर ठगों ने आस्ट्रेरलिया में रह रहा भांजा बन कर मामा को चार लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी जोगीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नरवाना में ज्वैलर्स की दुकान है। गत 24 मार्च को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। जिसमें कहा कि मामा कैसे हो। पहचाना क्या। जिसके बाद उसने कहा कि मामा मैं आपका भांजा आस्ट्रेलिया से सोनू बोल रहा हूं। जिसके बाद उसने कॉल कर रहा कि उसका दोस्त हरजीत दिल्ली का रहने वाला है। जिसने आस्ट्रेलिया भेजने में सहायता की थी। हरजीत की मां ज्यादा बीमार है। दिल्ली अस्पताल में भरती है। जिसको पांच लाख रुपये की जरूरत है। फिर उसने रुपये भेजने की बात कह कर खाता नंबर ले लिया। कुछ समय के बाद उसने व्हाट्सअप पर नौ लाख 23 हजार खाते में जमा कराने की रसीद भेजी। जिसके बाद फिर से कॉल आई और कहा कि मामा रुपये आपके खाते में डाल दिए हैं। उनमें से पांच लाख रुपये हरजीत के खाते में डलवा देना। हरजीत को नंबर शेयर करने की बात कही। कुछ समय के बाद उसके फोन पर दूसरे नंबर से कॉल आई। जिसने खुद को सोनू का दोस्त हरजीत बताया। फिर उसने अपना खाता नंबर भी भेज दिया। उसने बैंक में जाकर चार लाख रुपये ट्रांसफर उस व्यक्ति के खाते में कर दिए। बाद में उसने घर लौट कर सोनू के नंबर पर संपर्क साध कर राशि भेजने की बात कही। सोनू से बात करने के बाद उसे पता चला कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है। साइबर थाना पुलिस ने जोगीराम की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि विदेश में रह रहा भांजा बनकर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी।

# जींद: गांव हाट प्रकरण में गतिरोध जारी, गिरफ्तारी पर अड़े ग्रामीण

■ मांगो लेकर ग्रामीणों का धरना तो अधिवक्ताओ का वर्क सस्पेंड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हाट बिजली घर में अधिवक्ता के साथ मारपीट करने तथा आरोपित बिजली कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गतिरोध जारी है। ग्रामीणों का भाकियू के साथ धरना जारी रहा। वहीं ग्रामीणों की मांगो के समर्थन में बुधवार को लगातार अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड जारी रखा। जिसके कारण कामकाज के सिलसिले में आए लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव हाट बिजली घर में गत 16 सितंबर देर रात शिकायत करने गए अधिवक्ता प्रवीण के साथ बिजली कर्मियों ने मारपीट की थी। पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ समेत पांच कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अधिवक्ता के साथ मारपीट के विरोध तथा बिजली कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण, भाकियू तथा अधिवक्ता समर्थन में उतर आए थे। हालांकि पुलिस ने एक बिजली कर्मी को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य नामजद आरोपित बिजली कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग ग्रामीण कर रहे हैं और लगातार गांव हाट बिजली घर मे घरना दे रहे हैं। पिछले वीरवार से अधिवक्ता भी लगतार वर्क सस्पेंड कर रहे हैं। जिसके चलते बुधवार को भी जिला बार ने वर्क सस्पेंड रखा। अधिवक्ताओं का वर्क सस्पेंड होने के कारण तारीख पर आने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम के साथ उलझे दुकानदार, तीखी बहस

कैथल। कैथल में बुधवार को पार्क रोड, पुराना बस स्टैंड और छात्रावास रोड पर अवैध अतिक्रमण हटवाने गई यातायात पुलिस को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा दुकानों के बार करीब 10 फीट आगे रखे गए सामान को ट्रालियों में रखवा लिया। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने पुलिस से बहस भी की तथा सामान वापिस उतारने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के सामने एक न चली। बता दें कि पुलिस की टीम नप टीम के साथ मिलकर सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। जैसे ही पुलिस की टीम पहुंची, तो पाया कि दुकानदारों ने दुकानों के बाहर 10-10 फीट तक सामान बाहर सड़कों पर रखा हुआ है।

### तय स्थल से बाहर सामान न रखें

थाना यातायात प्रभारी रमेश चंद्र ने कहा कि इस संबंध में पुलिस की ओर से पांच दिन से दुकानदारों को अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन कुछ दुकानदार फिर भी नहीं मान रहे हैं। इससे जाम की स्थिति बन रही है। दुकानदारों की शिकायत भी मिली थी। उसी पर कार्रवाई करते सामान उठाया। चेतावनी देते कहा कि वे तय स्थल से बाहर सामान न रखें अन्यथा सख्ती बरती जाएगी।

### डीटीपी विभाग ने निर्जन के पास अवैध निर्माण गिराए

**जींद।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने बुधवार को गांव निर्जन के पास विकसित की जा रही अवैध कालोनियों में पीला पंजा चलाने का काम किया। यहां 20 दुकानों के शटर जेसीबी से उखाड़ दिए। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार मनीष ने साफ चेताया कि अवैध रूप से अतिक्रमणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला नगर योजनाकार को सूचना मिली थी कि गांव निर्जन के निकट लोगों ने विभाग की बगैर अनुमति लिए कृषि योग्य जमीन पर अवैध निर्माण किए हैं। जिस पर कार्रवाई करते बुधवार को इन अवैध निर्माणों को गिरा दिया गया। कहा कि अवैध रूप से निर्माण किए थे, जिनको नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा गया था।



**कलायत।** गर्भवति महिलाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पार्षद कुमारी रेणू धानियां व पार्षद प्रीत जगदेव। *फोटो :हरिभूमि*

### महिलाओं और बच्चों के स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**कलायत।** सेवा संकल्प अभियान के तहत कलायत के वार्ड 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह मनाया । इसके तहत गर्भवति महिलाओं को पोषण से भरपूर थाली भेंट की । साथ ही हरियाणवी परंपराओं का उमंग से निर्वहन किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पार्षद कुमारी रेणू धानियां व भगवान विश्वकर्मा युवा संगठन अध्यक्ष एवं पार्षद प्रीत जगदेव मौजूद रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग सीडीपीओ सुमन पाहुजा के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर मंजू व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुचि राणा ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम शर्मा, नीलम धानियां, संतोष देवी, प्रोमिला, हेल्पर बाला, ममता व मूर्ति अन्य कर्मियों ने गर्भवति महिलाओं की गोद भराई पर आधारित कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई। इस उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। साथ ही पोषण आहार के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। महिलाओं व परिवार के सदस्यों ने उनकी खुशियों में रंग भरने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग का आभार व्यक्त किया।

# जेई के तबादले के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सुनील जेई और नरेश जेई के तबादलों के विरोध में सभी सब यूनिटों के कर्मचारियों ने यूनिट पूंडरी के आह्वान पर बुधवार को डिविजन कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य निलंबित रखते हुए रोष जताया। धरने की अध्यक्षता केंद्रीय परिषद के सह सचिव सतबीर सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन यूनिट सचिव राममेहर जेई ने किया। धरने को संबोधित करते हुए केंद्रीय परिषद के सह सचिव सतबीर सिंह ने कहा कि सुनील जेई और नरेश जेई के तबादले कर्मचारियों के हित में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूंडरी विधायक सतपाल जांबा और कार्यकारी अभियंता पूंडरी की ओर से विभागीय नियमों के विपरीत काम करवाने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूनियन इस प्रकार के दबाव और कथित मनमाने रवैये को स्वीकार नहीं करेगी। घनश्याम जेई, कुलदीप बनवाला, गुरदेव मुंडे, अश्विनी ढांडा, अंकुर मैहला, मुकेश कोटड़ा, प्रवीण कुमार, रणधीर जेई, ईश्वर, सुरेंद्र कौर, निशा, मंजू, रेखा और मनीषा आदि मौजूद रहे।



सुनील व नरेश जेई के तबादले के विरोध में धरना देते बिजली कर्मचारी।

## संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत 35 ग्रामीण रूटों पर 383 आवेदन मिले

■ परमिट जारी होने से ग्रामीण रूटों पर बस सेवा होगी सुचारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत 35 ग्रामीण रूटों पर प्राइवेट बसों को लेकर स्टेज कैरिज परमिट देने के लिए 383 आवेदन आए हैं। 30 सितंबर के बाद इन रूटों पर परमिट को लेकर आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एक से 30 सितंबर तक इच्छुक आवेदकों से आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के समय 25 हजर रुपये की निर्धारित नॉन रिफंडेबल फीस आवेदक द्वारा जमा करवाई गइ है। संबंधित जिला परिवहन अधिकारी द्वारा आवेदनों को प्राप्त करने, प्रोसेस करने और उनकी जांच व पड़ताल करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है। इस टीम में एडीटीओ, एमवीओ, टीआई टीएसआई और जरूरत के अनुसार आपरेटर व अन्य सहयोगी स्टाफ शामिल किए गए हैं। टीम बनाने के आदेश की एक कॉपी आवेदन लेने की तारीख शुरू होने से पहले हेड क्वार्टर को भेजी जाएगी। समिति द्वारा प्राप्त और प्रोसेस जांच किए गए आवेदनों का पूरा रिकार्ड एक रजिस्टर में रखा जा गया है, जिस पर समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे और संबंधित डीटीओ, सहसचिव आरटीए के भी काउंटर स्ताक्षर होंगे।

## नागरिक अस्पताल के आपरेशन थिएटर में महिला से ओटीए द्वारा कथित छेड़छाड़ का मामला

# आठ सदस्यीय कमेटी आज सीएमओ को सौंपेगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन कराने पहुंची एक महिला से ओटीए (ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट) द्वारा कथित संभावित छेड़छाड़ के मामले में गठित आठ सदस्यीय जांच कमेटी वीरवार को अपनी जांच रिपोर्ट प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) को सौंपेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि ऑपरेशन थिएटर में आने वाली किसी भी महिला के उपचार के दौरान एक महिला कर्मचारी या नर्सिंग ऑफिसर अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगी। इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि यह आदेश पहले भी थे लेकिन अब इनकी सख्ती से पालना करवाई जाएगी ताकि फिर से ऐसी घटना दोबारा न हो। अभी तक किसी महिला के उपचार के दौरान एक महिला कर्मचारी या नर्सिंग ऑफिसर अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगी। इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि यह आदेश पहले भी थे लेकिन अब इनकी सख्ती से पालना करवाई जाएगी ताकि फिर से ऐसी घटना दोबारा न हो। अभी तक पीड़िता या परिवार की ओर से पुलिस या सीएमओ कार्यालय में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। **यह है मामला :** दो दिन पहले सोमवार को एक महिला को ऑपरेशन के लिए अस्पताल के आप्रेशन थिएटर में लाया गया था। यहां तैनात ओटीए पर महिला ने आपत्तिजनक तरीके से छूने और अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था। महिला ने इस बारे में अपने पति को अवगत करवाया। जिस पर मामले की जानकारी अस्पताल अधिकारियों को दी । सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उपायुक्त भी अस्पताल आ पहुंची थी। विभाग ने ओटीए को तत्काल प्रभाव से ऑपरेशन थिएटर की ड्यूटी से हटा कर डेपुटेशन पर सीएचसी उझाना भेज दिया था। केस की गंभीरता को देखते सीएमओ के निर्देश पर 8 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है।

### हर महिला की सुरक्षा सर्वोपरि : पीएमओ

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि आठ सदस्यीय कमेटी ने बुधवार को जांच की है। कमेटी के पास दो दिन का समय है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विभागीय कार्रवाई तय होगी। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को आश्वस्त किया है कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नर्सिंग ऑफिसर का होना जरूरी

अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि ऑपरेशन थिएटर में आने वाली किसी भी महिला के उपचार के दौरान एक महिला कर्मचारी या नर्सिंग ऑफिसर अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगी। इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा आप्रेशन थिएटर के पास नंबर भी डिस्पले किए गए हैं ताकि कोई भी अपनी शिकायत स्वास्थ्य अधिकारियों से कर सके।



**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश फोन मालिकों को फोन लौटाते हुए।

### पुलिस ने सितंबर में ढूंढे 46 गुमशुदा मोबाइल फोन

**कैथल।** जिला की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह, एचसी दीपक, एचसी अरुण, सिपाही मोनु व अजय वीर की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर सितंबर माह में आमजन के गुम 7.35 लाख से अधिक कीमत के 46 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने पुलिस लाइन में मालिकों को बुलाकर फोन सौंपे गए। अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते लाखों की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा मेडिकल कैंप

**उचाना।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका उचाना में एक दिवसीय निःशुल्क मेडिकल जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। नागरिक अस्पताल उचाना की डॉक्टरों की टीम ने लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। अभियान के तहत नगर पालिका के सभी कर्मचारियों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) भी बनाई गई। डॉ. योगेश ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### छात्राओं ने रानी तालाब पर किया नाटक

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के संगीत गायन, सांस्कृतिक एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा भारत सरकार द्वारा चालित सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया गया। नाटक की प्रस्तुतीकरण जींद के रानी तालाब के पार्किंग स्थल पर करवाई गई। महाविद्यालय से आठ छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति में पूर्ण जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। नमो सेवा, अनकही कहानियां विषय को प्रदर्शित करते हुए छात्राओं ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई अनेकों अनेक योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान आज होगा

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद जींद की ओर से एक अक्तूबर को वृद्ध सम्मान दिवस मनाया जाएगा। समारोह का आयोजन अर्बन एस्टेट सेक्टर 7 स्थित डे केयर सेंटर में किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों के साथ सम्मानित होने वाले वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी रहेगी। परिषद के महासचिव सीपी मलिक ने बताया कि समारोह की शुरुआत सुबह 10 बजे आम सभा से होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे मुख्यअतिथि सुरेंद्र कुमार मोर तथा सम्मानित किए जाने वाले सदस्यों का आगमन होगा। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ उनके योगदान और अनुभवों को भी सम्मान दिया जाएगा।

### जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा पारिवारिक माहौल : डीसी

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से फोस्टर केयर स्कीम संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को निर्धारित अवधि के लिए ऐसे परिवार के साथ रखा जाता है, जो बच्चे के माता-पिता अथवा उसके परिवार से संबंधित नहीं होता। इच्छुक एवं पात्र परिवार को बाल कल्याण समिति द्वारा निर्धारित अवधि के लिए बच्चे की उचित देखभाल एवं पालन, पोषण की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

### सामाजिक जिम्मेदारी के साथ रक्तदान जरूर करें

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि मानव रक्त का आज तक कोई वैज्ञानिक विकल्प तैयार नहीं हो पाया है। ऐसे में रक्त की आवश्यकता को केवल स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ एवं पात्र नागरिक को सेवाए समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। एसडीएम बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे अभियान के तहत नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के बाद रक्तदाताओं को संबोधित कर रहे थे।

### जूनियर वुशु चैंपियनशिप का आयोजन आज से

**नरवाना।** वुशु खेल को बढ़ावा देने तथा प्रदेश की युवा प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 1,2, एवं 3 अक्टूबर को पैरामाउंट इंटरनेशनल स्कूल में 4वी जूनियर वुशु स्टेट सब जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरियाणा के लगभग सभी जिलों से खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष तक की आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# एफएलएन विजिट में कोताही बर्दाश्त नहीं हर स्कूल के लिए 90 दिवसीय कार्ययोजना

### पीए-1 के परिणाम पर शिक्षक-अधिकारियों से चिंतन-मंथन करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण मिशन के तहत जिला स्तरीय डीपीआईयू बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले में चल रही आधारभूत साक्षरता एवं सं याज्ञान (एफएलएन) गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने, एफएलएन विजिट को प्रभावी बनाने, कैप्सूल स्कूल सपोर्ट प्रोग्राम की नियमित मॉनिटरिंग, पिरिऑडिक एसेसमेंट-1 के परिणामों के आधार पर उपचारात्मक कार्य तथा 90 दिवसीय कार्ययोजना तैयार करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी यादव, जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एफएलएन, डीपीसी कार्यालय से सभी एपीसी तथा निदेशालय से एसपीआईयू सदस्य उदयन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि पिरिऑडिक एसेसमेंट-1 में 50 प्रतिशत से कम भागीदारी वाले जिले के 14 स्कूलों के स्कूल मुखियाओं से स्पष्टीकरण लिया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के आकलन में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है, क्योंकि सही आकलन के बिना बच्चों के वास्तविक सीखने के स्तर की पहचान करना कठिन होता है।उन्होंने बताया कि कैप्सूल स्कूलों के साथ-साथ अन्य सभी स्कूलों को भी 90 दिवसीय कार्ययोजना बनाकर विद्यार्थियों को पढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कार्ययोजना का उद्देश्य बच्चों की वर्तमान अधिगम स्थिति के आधार पर व्यवस्थित तरीके से कमजोरियों को दूर करना और सीखने की दक्षताओं को मजबूत करना है।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

#### परिणाम का गहनता से अवलोकन करें

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बैठक में जिले में चल रही एफएलएन गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। बताया कि पिरिऑडिक एसेसमेंट-1 का परिणाम प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के निपुण एप पर उपलब्ध हो चुका है। कहा कि सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यार्थियों के परिणाम का गहनता से अवलोकन करें और यह पहचान करें कि किन बच्चों को किन दक्षताओं में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है। कहा कि आकलन का उद्देश्य केवल बच्चों का परिणाम प्राप्त करना नहीं है, बल्कि परिणाम के आधार पर शिक्षण प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव करना और कमजोर अधिगम योग्यताओं को दूर करना है।

#### कैप्सूल स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग पर जोर

बैठक में कैप्सूल स्कूल सपोर्ट प्रोग्राम की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चयनित कैप्सूल स्कूलों की नियमित एवं सतत विजिट की जाए और प्रत्येक विजिट के बाद प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार की जाए।अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करना है कि स्कूलों को केवल निरीक्षण तक सीमित सहयोग न मिले बल्कि वहां की वास्तविक शैक्षणिक जरूरतों की पहचान कर आवश्यक अकादमिक सहयोग भी उपलब्ध करवाया जाए। बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए स्कूलों के साथ लगातार फॉलोअप करने पर भी जोर दिया गया।


धान की फसल में नमी को खुद मीटर से मापते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## उचाना मंडी में विधायक ने मापी पीआर धान की नमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने बुधवार को अनाज मंडी पहुंचकर पीआर धान की खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए खरीद को शुरू करवाया। विधायक शुभम ट्रेडिंग कंपनी पर पीआर धान बेचने आए गांव थुआ के किसान की ढेरी पर पहुंचे और नमी मापने वाले मीटर से धान की नमी की जांच की। धान में करीब 15 प्रतिशत नमी मिलने पर विधायक ने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को धान की खरीद करने के निर्देश दिए। 17 प्रतिशत तक नमी वाली धान खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी जाएगी। विधायक ने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया, व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली। मौके पर खरीद एजेंसी के अधिकारियों के साथ मार्केट कमेटी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि पीआर धान की खरीद 29 सितंबर से शुरू हो चुकी है। किसानों को खरीद को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पीआर धान का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा। इस बार पीआर धान का भाव 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। हरियाणा पूरे देश में पहला ऐसा राज्य है, जहां 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष किसानों को बहकाने का प्रयास करता रहता है, लेकिन किसान विपक्ष के बहकावे में नहीं आएंगे।

विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए किसान सम्मान निधि शुरू की, जिसमें निरंतर बढ़ोतरी की गई है। किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए फसल भावांतर योजना भी शुरू की गई है। केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार किसान हित में फैसले ले रही हैं। पीआर धान की खरीद को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी नजर बनाए हुए हैं। खरीद या उठान को लेकर किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी आती है तो इसकी जानकारी दे।

## आवासीय क्षेत्रों में अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर सख्ती

**जींद।** एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि आवासीय क्षेत्रों में पटाखों एवं अन्य विस्फोटक सामग्री के अवैध भंडारण, बिक्री एवं आपूर्ति की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधीश जींद के निर्देशानुसार जींद शहर सहित उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जींद शहर में सोमनाथ मंदिर के पास ओमनगर स्थित रिहायशी क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री बरामद होने के मामले में संबंधित थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं निरंतर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि अवैध पटाखों एवं विस्फोटक सामग्री के भंडारण तथा बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए उपमंडल स्तर पर पूर्व में गठित प्रवर्तन टीम को सक्रिय किया गया है। इस टीम में संबंधित थाना प्रबंधक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नायब तहसीलदार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, शहरी स्थानीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खनन निरीक्षक तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के फील्ड अधिकारी शामिल हैं।

### गोद भराई की रस्म करवा पोषण का दिया संदेश

**जींद।** नौवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को अलेवा ब्लॉक के नगूरां सर्कल के गांव नगूरां में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्रों पर वर्कर शीलावंती एवं बबीता के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में गांव के 170 महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ कांता यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री की धर्मपत्नी एवं जिला संयोजक सुषमा, चेयरमैन राहुल, गांव नगूरां के सरपंच धर्मवीर, कुलदीप, स्वास्थ्य विभाग से डा. अमित, भाजपा महिला अध्यक्ष अंकिता, कृष्ण, वंदना, सरोज, सुदेश,, मीना, अनीता, सभी आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### पीएम सूर्य घर योजना के 59 को 27.12 लाख की स्टेट फाइनेंशियल असिस्टेंस के चेक वितरित

**नरवाना।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आज एक्सईएन कार्यालय, डीएचबीवीएन कैंपस, नरवाना में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सब अर्बन नरवाना के 59 लाभार्थियों को 27.12 लाख की स्टेट फाइनेंशियल असिस्टेंट के चेक वितरित किए गए। एक्सईएन जोगिंदर कौशिक एवं एसडीओ सब अर्बन नरवाना दीपक नैन द्वारा लाभार्थियों को चेक प्रदान किए । कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लाभों की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पात्र उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने एवं सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### उप पुलिस अधीक्षक ने दी सम्मान के साथ विदाई

**जींद।** पुलिस विभाग जींद से तीन पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत हुए। जिनको उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार ने विदाई समारोह के दौरान फूलमाला, पगड़ी, स्मृति चिह्न, जूसर सेट व अन्य उपहार देकर सम्मान के साथ अपने आगामी जीवन के बारे में शुभकामनाएं दी। मौके पर वैलफेयर उपनिरीक्षक धर्मपाल, पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार, सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी प्रेम सिंह बांगड के अलावा पुलिस विभाग जींद के अन्य कर्मचारी, सेवानिवृत जाने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। उप पुलिस अधीक्षक जींद संदीप कुमार ने सेवानिवृत जाने वाले पुलिस कर्मचारियों को पगड़ी पहना कर स्मृति चिन्ह के साथ जुसर सेट व अन्य उपहार भेंट करते कहा कि अपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग तथा जनता की सेवा में लगाने पर सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।


**जींद।** सेवानिवृत कर्मियों को विदाई देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


**नरवाना।** कार्यक्रम में प्रतिभा प्रदर्शन करते हुई छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### टैलेंट शो में छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**नरवाना।** एसडी. महिला महाविद्यालय, नरवाना में छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गायन, नृत्य, कविता-पाठ, भाषण, अभिनय तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपनी कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता से उपस्थित सभी छात्राओं को प्रभावित किया। विभिन्न प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत एवं आकर्षक बना दिया। मंच का संचालन बी एस सी की छात्रा दीक्षा ओर ईशा ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका गवर्मेंट स्कूल से संगीत प्राध्यापक जसबीर उझाना और कॉलेज की सांस्कृतिक विधा में निपुण एलुमनाई रेनू ने निभाई।,'घर मोरे पधारो पिया' जैसे क्लासिकल नृत्य से सभी के मन को मोह लिया।



**जींद।** भाजपा युवा नेता को स्मृति चिन्ह देते संस्था सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जींद।** गुरु हेल्थकेयर सोसायटी द्वारा श्री विश्वकर्मा धर्मशाला नरवाना रोड में में दूसरा निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। शिविर में लोगों के रक्त जांच के नमूने लिए तथा डॉक्टरों की देखरेख में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिद्धा ने शिरकत की। अवसर पर सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भारत भूषण टाक भी मौजूद रहे। मेडिकल कैंप में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों की प्रशंसा की। कहा कि समाज में इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर लोगों को समय रहते स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतिथियों ने गुरु हेल्थकेयर सोसायटी की टीम की लगन, निष्ठा और जनसेवा की भावना की सराहना करते भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्य निरंतर जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेती में प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा द्वारा किनाना में प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. प्रीति मलिक ने किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, इसके लाभों तथा मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में जागरूक करना था। डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती की अवधारणा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मृदा के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसानों को स्थानीय एवं प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, खेत में जैविक पदार्थ बढ़ाने तथा मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, आच्छादन तथा प्राकृतिक संसाधनों के उचित प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी। बताया कि प्राकृतिक खेती में खेत की मृदा में जैविक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे मृदा की संरचना जल धारण क्षमता तथा पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार लाने में मदद मिल सकती है।


**जींद।** किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी देते डा. प्रीति। *फोटो :हरिभूमि*


**उचाना।** स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए गए मानसी, सुकृत। *फोटो :हरिभूमि*

### स्वर्ण पदक जीतने वाले मानसी और सुकृत का सम्मान

**उचाना।** गीता विद्या मंदिर उच्च विद्यालय उचाना मंडी में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट ( एनआईडीजेएएम ) में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर लौटे विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन सुरेंद्र जैन, राजकुमार गोयल एवं प्राचार्या सविता सिंगला ने दोनों खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मानसी पुत्री नरेंद्र ने ट्रायथलन स्पर्धा में 60 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप और हाई जंप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। सुकृत पुत्र वजीर सिंह ने हाई जंप स्पर्धा में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्राचार्या सविता सिंगला ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की भावना विकसित करते हैं। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है और विश्वास जताया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## फाइनल में यूटीडी जींद को 52-30 के अंतर से दी मात

# राजीव गांधी कॉलेज ने जीती इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के खेल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरुष चैंपियनशिप बुधवार को सम्पन्न हुई। फाइनल मुकाबले में राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना की टीम ने यूटीडी जींद की टीम को 52-30 अंकों के अंतर से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। बांगर शिक्षा समिति उचाना के प्रधान अशोक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जगतवीर सहरावत ने की, जबकि खेल विभाग के निदेशक डॉ. नरेश देशवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अशोक कुमार ने कहा कि खेलों में अनुशासन, खेल भावना और आपसी मेल-जोल का विशेष महत्व है। खिलाडिय़ों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। वर्तमान समय में खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ी कबड्डी, एशियन गेम्स सहित विभिन्न खेलों में पदक हासिल कर अपना उज्ज्वल करियर बना रहे हैं। फाइनल मुकाबले में राजीव गांधी कालेज उचाना की टीम ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन किया और 52 अंक हासिल कर 30 अंकों वाली यूटीडी जींद की टीम को पराजित किया। जीत के साथ राजीव गांधी कालेज की टीम प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। सीनियर लेक्चरर डॉ. राजेश श्योकंद, खेल विभागाध्यक्ष प्रवीण कुमार, डॉ. उपेश मलिक, हरिओम, प्रो. लाल सिंह, अनिल कुमार, डॉ. प्रीति, मोनिका, अंजलि, ऋतिका, डॉ. राजपाल ढांडा, सुरेंद्र सिंह, मनीराम, कोच रामपाल, कोच संदीप सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



**उचाना।** इंटर कॉलेज कबड्डी नेशनल स्टाइल पुरुष वर्ग में चैंपियनशिप बनी आरजीएम उचाना की टीम। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** स्वर्ण पदक विजेता चेतन को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### चेतन ने ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल के छात्र चेतन चहल पुत्र कप्तान सिंह ने 19वीं हरियाणा राज्य ग्रैपलिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 सितंबर को सर छोटूराम स्टेडियम रोहतक में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में चेतन चहल ने अंडर 13 आयु वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेते हुए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं मेहनत का परिचय दिया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी सफलता ने विद्यालय के साथ-साथ उनके माता-पिता और पूरे जींद जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने चेतन चहल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढऩे के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने छात्र को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और नेतृत्व की भावना विकसित होती है।

## खबर संक्षेप



कैथल। भाजपा नेता राव सुरेंद्र सिंह स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेते हुए।

### नगर परिषद कार्यालय में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया

**कैथल।** जिला नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने बताया कि बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान बीजेपी नेता राव सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया। कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, संतुलित आहार लेने और नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया।



कलायत। राजकीय आईटीआई कलायत के प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए।

### रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त एकत्रित

**कलायत।** राजकीय आईटीआई कलायत एट पिंजुपुरा के प्रिंसिपल भूपेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कलायत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आईटीआई के विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों तथा क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। युवाओं को इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं की आवश्यक जांच की गई।

मंडी में 50 हजार क्विंटल धान सरकारी खरीद के इंतजार में, राइस मिलरों के नहीं पहुंचने से खरीद पर प्रभाव

# विधायक सतपाल जांबा ने किया पूंडरी मंडी का औचक निरीक्षण

## आश्वासन दिया कि खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी अनाज मंडी में सरकारी धान खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विधायक सतपाल जांबा ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद अधिकारियों, मार्केट कमेटी अधिकारियों और किसानों की मौजूदगी में मंडी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और किसानों की समस्याएं सुनीं। मंडी में इस समय करीब 50 हजार क्विंटल धान ढेरियों में पड़ा हुआ है, जो सरकारी खरीद का इंतजार कर रहा है। सरकार की ओर से मंगलवार से धान की खरीद शुरू कर दी गई है, लेकिन पूंडरी मंडी में राइस मिलरों के नहीं पहुंचने के कारण खरीद सुचारू रूप से शुरू नहीं हो पाई। विधायक के समक्ष कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी धान की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदने की बजाय 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की कटौती करके खरीदी जा रही है। इस पर विधायक सतपाल जांबा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मार्केट कमेटी सचिव गुलाब नैन और डीएफएससी निरीक्षक अश्विनी कुमार को मामले की जांच करने तथा यदि मंडी में कट लगाकर धान खरीदी जा रही है तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि पूंडरी मंडी के लिए 12 राइस मिलरों का पंजीकरण हो चुका है और गुरुवार से ये मिलर मंडी में पहुंचकर सुचारू रूप से धान की खरीद शुरू करेंगे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।





पूंडरी। मंडी में धान खरीद का जायजा लेते विधायक सतपाल जांबा तथा गुहला चीका में एसडीएम मनीष कुमार राइस मिलरों का स्टॉक रजिस्टर चैक करते हुए।

### किसानों से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा

कुछ किसानों ने हैफेड के मैनेजर पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस पर विधायक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान अन्नदाता हैं, इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों को किसानों से सामान्य एवं सम्मानजनक तरीके से बातचीत कर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करना चाहिए। विधायक ने कहा कि वह किसानों के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं। मंडी में खरीद से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर किसान किसी भी समय उनसे फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

### बस स्टैंड के सामने हुड्डा का प्लेटफार्म भी चिन्हित

मंडी में धान रखने के लिए अतिरिक्त स्थान की व्यवस्था को लेकर विधायक ने बताया कि बस स्टैंड के सामने हुड्डा के प्लेटफार्म को भी चिन्हित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर यहां किसानों का धान डलवाया जा सकेगा, ताकि मंडी में जगह की कमी के कारण किसी किसान को परेशानी न हो। विधायक ने किसानों से अपील की कि वे धान को पूरी तरह सुखाकर और साफ करके मंडी में लेकर आएं। सरकार के निर्धारित मापदंडों के अनुसार 17 प्रतिशत तक नमी वाला धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। किसान किसी भी स्थिति में अपना धान कम भाव पर न बेचें। इस मौके पर अनाज मंडी प्रधान धनपत बरसाना, हैफेड मैनेजर संदीप कल्याण, डीएफएससी निरीक्षक अश्विनी कुमार, मार्केट कमेटी सचिव गुलाब नैन, महेंद्र सिंह गोलन, विनोद बंसल सहित काफी संख्या में किसान और आढ़ती मौजूद रहे।

### एसडीएम मनीष कुमार यादव ने चीका अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**गुहला चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने चीका अनाज मंडी का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से धान खरीद प्रक्रिया के लिए की गई तैयारियों की पूर्ण जानकारी हासिल की। उन्होंने मार्किट कमेटी कार्यालय में मंडी के लिए लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया सुचारू चलनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि सभी मंडियों में धान खरीद प्रक्रिया को लेकर तैयारियां पूरी रखें। किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में तिरपाल व पॉलिथीन कवर, पर्याप्त मात्रा में बारदाना, इलेक्ट्रिक झरना, पावर मशीन, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई, बिजली, पानी, सुलभ शौचालय तथा पानी निकासी से उचित प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए धान की खरीद के लिए नियम व शर्तों के सूचना बोर्ड भी मंडियों में अवश्य लगवाए जाएं। पुलिस विभाग यातायात को सुचारू बनाएं, कहीं पर भी जाम जैसी स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए। जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह मंडियों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें।

### सीजन के दौरान प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें

एसडीएम मनीष कुमार ने बुधवार को क्षेत्र की विभिन्न राईस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिलों में धान के भंडारण, रिकार्ड, मिलिंग प्रक्रिया तथा संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने राईस मिल संचालकों को निर्देश दिए कि धान की खरीद, उठान, भंडारण और मिलिंग से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी राइस मिल संचालकों से आह्वान करते हुए कहा कि धान खरीद से संबंधित सभी आवश्यक रिकार्ड एवं दस्तावेज अपडेट रखें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करना सुनिश्चित करें। सीजन के दौरान प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।



कैथल। पेंटिंग में अव्वल रहे राजकीय स्कूल नरड के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के तहत स्कूलों में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता खंड कैथल के गांव सेगा, नरड, सिरटा, गवर्नमैनट पॉलिटेक्निक कॉलेज शेरगढ़ व खानपुर मे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन उपकृषि निदेशक डॉ रवींद्र जाखड़ कैथल, के दिशा-निर्देश व उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सतीश कुमार नारा के मार्गदर्शन मे किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता पैदा करने हेतू पेटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें बच्चों में बड़ी ही उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही सुंदर संदेशात्मक चित्र बनाए गए। खंड कृषि अधिकारी, कैथल डा. जगबीर लांम्बा ने बच्चों को जागरुक करते बताया कि पराली जलाने से केवल पर्यावरण ही नही बल्कि खेत की उपज शक्ति भी खत्म होती है ऐसे में भूमि पर्यावरण एवं वायु को बचाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन करना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण एवं स्वस्थ उपजाऊ भूमि मिल सके।

### 21 किलो गांजा फूल पत्ती व 1.167 किलो अफीम बरामद

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त हो जिला अभियान के तहत एसपी मनप्रीत सिंह सूद्दन के कुशल नेतृत्व सीआईए-1 कैथल व एंटी एक्सटॉर्शन सैल कैथल द्वारा नशा तस्करी के अलग-अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 21 किलो गांजा फूल पत्ती व 1 किलो 167 ग्राम अफीम बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में सीआईए-1 कैथल प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम अपराधों व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गांव बरटा बस अड्डा के पास मौजूद थी। जंहा एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव रेवर जिला जींद निवासी टींकू गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता है तथा बाइक पर सवार होकर गांव गलौली की तरफ से गांजा फूल पत्ती लेकर गांव बरटा की तरफ आने वाला है।

### तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का समापन

**गुहला चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन गुहला ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका की चेयरपर्सन रेखा, बीजेपी नेत्री शैली मुंजाल, निधि मोहन आदि मौजूद रही। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संतुलित पोषण तथा बच्चों की प्रारंभिक देखभाल के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि मां और बच्चे का स्वस्थ रहना स्वस्थ एवं सशक्त समाज की मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मातृ-शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया से बचाव, संतुलित आहार तथा बच्चों की नियमित वृद्धि एवं विकास की निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अभिभावकों को आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया।



कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### अपना-अपना कार्य बड़ी जिम्मेदारी से करें: एडीसी

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्तूबर को कलश ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सबसे पहले सभी खंडों में निकलेगी, इसके बाद कलश ज्योति यात्रा के समापन अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन के मैदान में होगा। जिन अधिकारियों की ड्यूटियां लगी है, वे अपना-अपना कार्य बड़ी जिम्मेदारी से करें। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। एडीसी डॉ. सुशील कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली कलश यात्रा के संदर्भ में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी खंडों व जिला स्तर पर निकलने वाली कलश ज्योति यात्रा बड़े उत्साह और जोश से की जाए। युवाओं, महिलाओं, ग्रामीणों, शहर वासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल किया जाए। उन्होंने सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसको लेकर तैयारियां समय रहते पूरी करना सुनिश्चित करें। रूट प्लान अनुसार पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखें। खेल विभाग, आईटीआई, नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स खंड स्तर अनुसार शामिल होना सुनिश्चित करें, इसके बाद जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में भी उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें।



कैथल। खिलाड़ियों को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के पदाधिकारी।

### एनआईआईएलएम विवि के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल के शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय की बीपीईएस प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में और बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र सचिन ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 26 सितंबर 2026 को छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में आयोजित की गई थी। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डॉ. (प्रो.) देवेंद्र सिंह ढुल ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

# ओएसडीएवी के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

59वीं हरियाणा राज्य स्कूल खेल योग प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 सितंबर तक रोहतक में हुआ, जिसमें सभी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कैथल की ओर से खेलते ओएसडीएवी स्कूल के छात्र हार्दिक एवं पार्थ ने अंडर-19 आयु वर्ग की रिदमिक पेयर स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया वहीं कैथल में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्रा रिद्धिमा ने भी अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि स्कूल की शानदार उपलब्धियों के पीछे खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन का परिणाम है।



कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।



### खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को रोहेड़ा स्टेडियम, खंड राजौंद में कबड्डी एवं वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार व अनिल कुमार तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस दौरान लगभग 300 खिलाड़ियों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डीपी धर्मबीर, एथलेटिक्स कोच जय प्रकाश, कबड्डी कोच वीरेंद्र, कुश्ती कोच सुशील, कबड्डी कोच सुभाष सहित अन्य प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों एवं प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते उन्हें आशीर्वाद दिया तथा खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों एवं बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने का अवसर प्रदान करते हैं।

# स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग की ओर से 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सितंबर माह में विभिन्न पोषण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संतुलित एवं विविधतापूर्ण आहार, मातृ एवं शिशु पोषण, स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राहुल कौशिक (सीएचसी) ने संतुलित आहार, स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और उचित पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को खान-पान की पुरानी पद्धति अपनाने तथा पोषण संबंधी सही जानकारी को परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। तेजवीर सिंह ने पोषण को स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला बताते विद्यार्थियों से पोषण संबंधी संदेशों को परिवार और समुदाय तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को पौष्टिक एवं संतुलित आहार अपनाने के साथ स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। पोषण जागरूकता किसी एक अभियान तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निधि ने महिलाओं के जीवन के सभी चरणों में संतुलित आहार के महत्व को समझाया। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने भी छात्राओं को पोषण संबंधी जानकारी दी।



पूंडरी। प्रतियोगिता में भाग लेती हुई छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### संदीप ने पारंपरिक रोजगार को दी नई पहचान

**कैथल।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। योजना का लाभ उठाकर शहर कैथल निवासी संदीप ने अपने पारंपरिक नाई के कार्य को आधुनिक रूप देते हुए न केवल अपनी आमदनी बढ़ाई, बल्कि दो अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। संदीप लंबे समय से नाई का पारंपरिक कार्य कर रहे थे। आधुनिक औजारों और पूंजी की कमी के कारण उनके लिए व्यवसाय का विस्तार करना चुनौतीपूर्ण था। पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने योजना के तहत पंजीकरण कराया। पात्र पाए जाने पर उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किया गया। योजना के तहत संदीप को 7 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये का वजीफा भी मिला। इसके अलावा आधुनिक टूलकिट खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। आधुनिक उपकरण मिलने से वे बेहतर गुणवत्ता की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हुए। प्रशिक्षण, आधुनिक टूलकिट और अन्य सहयोग मिलने के बाद उनकी सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई। डिजिटल भुगतान अपनाने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि का लाभ भी मिल रहा है। इससे उनके परिवार की आय में अच्छी वृद्धि हुई है। संदीप ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत मिले प्रशिक्षण, टूलकिट और ऋण ने उनके पारंपरिक काम को नई दिशा दी है। आधुनिक औजारों की मदद से वे पहले की अपेक्षा बेहतर गुणवत्ता का कार्य कर पा रहे हैं और उनकी आमदनी में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री सैनी का आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** पूर्व विधायक बाजीगर ने कार्यक्रम में विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण किया

# अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में पात्र परिवारों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : कुलवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

गांव भागल के सामुदायिक केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव के सरपंच सुदेश शर्मा व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कार्यक्रम में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा नागरिकों को दी जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ लोगों की समस्याओं को मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से दूर करवाया। पूर्व विधायक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश कि वे नागरिकों की पात्रता और जरूरत के अनुरूप अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस मेले का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय व जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क एवं काउंसलिंग स्टॉल स्थापित किए गए। स अवसर पर मार्किट कमेटी चीका के वाइस चेयरमैन मांगे राम जिंदल, बीजेपी मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह, हरजोत सिंह, मंगत राम संधू, अमरीक सिंह, बलविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



गुहला चीका। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर का स्वागत करते कार्यकर्ता व अधिकारी।

### इन विभागों ने लगाएं स्टॉल

मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले के दौरान परिवार पहचान पत्र, हरियाणा कौशल विकास मिशन, हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, रोजगार विभाग, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), विकसित भारत-जी राम जी योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, हरियाणा बिजली वितरण निगम, दीन दयाल उपाध्याय योजना, जिला समाज कल्याण विभाग व जिला कल्याण विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा ग्रामीण बैंक, जिला उद्योग केंद्र एवं एमएसएमई, जिला बाल कल्याण परिषद, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कोऑपरेटिव लिमिटेड, वीटा डेयरी, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉलों के माध्यम से अपनी सेवाएं एवं योजनाओं की जानकारी दी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सत्रह तक जिले में होगी अनेक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सभी खंडों में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना -2 के तहत अंत्योदय मेलों को सेवा सेतु अभियान के शिविरों के साथ एकीकृत किया गया है। जिले के विभिन्न खंडों, नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं में 17 अक्टूबर तक विशेष शिविरों एवं अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य पात्र अंत्योदय एवं अन्य परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्हें आवश्यक जानकारी, सलाह और आवेदन की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना है। कार्यक्रमों के सुचारू संचालन एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शिविरों के आयोजन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा दिया जाए। बताया कि 1 अक्टूबर को गांव बलबेहड़ा के सामुदायिक केंद्र में शिविर लगेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन का मिलन कार्यक्रम के तहत सीवन में कार्यक्रम आयोजित होगा। स

■ पात्रों को योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा दिया जाए

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का एमडीडी ऑफ़ इंडिया ने किया स्वागत

**कैथल।** बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जमीनी अभियान चला रहे एमडीडी आफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने केंद्र से इस संभावना पर विचार करने को कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए ऐसे वैधानिक नियम बनाए जाएं, जिनके तहत उनके लिए नाबालिगों से संबंधित भारतीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य हो। नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की थी कि डिजिटल प्लेटफॉर्मों को इस बात का ध्यान रखने के निर्देश दिए जाएं कि नाबालिगों में अनुबंध करने की कानूनी अधिकार नहीं होता, इसलिए ऑनलाइन सेवाओं तकउनकी पहुंच के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। संगठन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का कदमजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के बाल अधिकारों की सुरक्षा के अथक प्रयासों पर मुहर है।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**जींद।** महाराजा अग्रसेन विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें ईमानदारी, नैतिक मूल्यों तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सत्य निष्ठा से समृद्धि विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभाए रचनात्मकता एवं विचारों का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से यह संदेश दिया कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण ही व्यक्तिगत एवं सामाजिक समृद्धि की मजबूत नींव हैं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त एवं नैतिक समाज के निर्माण के प्रति अपनी जागरूकता व्यक्त की।

### 200 लोगों ने योजनाओं की ली जानकारी

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, नियम शर्तों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना हैए ताकि पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ उठा सकें। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में सेवा सेतु शिविर लगाया गया। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में करीब 200 नागरिकों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## जिला प्रशासन ने बड़ौदी गांव में किया रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# द्वार पर पहुंचे अफसर, सुनीं समस्याएं, किया समाधान

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिविर में शिकायतें रखतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं और आवश्यकताओं का उनके घर द्वार पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत बड़ौदी गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने की। इस दौरान जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, सीएमओ डा. सुमन कोहली, बीडीपीओ शमशेर नैन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय या अन्य कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उनके समाधान की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसी समस्याएं जिनका समाधान किसी अन्य विभाग के स्तर पर होना है, उनके लिए समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों से भी आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उनका नियमानुसार समाधान किया जा सके।

### अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही हुआ समाधान

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की ओर से कुल 17 शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत की गईं। अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और जिन मामलों का निपटारा मौके पर संभव है, उन्हें तुरंत निस्तारित किया जाए। कार्यक्रम में प्राप्त अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से गांव में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षाए सरकारी योजनाओं के लाभ तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में विभागीय सेवाओं की स्थिति का नियमित रूप से जायजा लिया जाए तथा जिन कार्यों में सुधार की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव में पहुंच कर उनकी समस्याएं सुनने और मौके पर समाधान करवाने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि लंबित समस्याओं पर भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## गुरुकुल के खिलाड़ियों ने जीते तीन कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। विजेता रहे छात्रों के साथ प्रबंधक कुसुम कंसल। फोटो : हरिभूमि

सर छोटूराम इनडोर स्टेडियम में जिला खेल विभाग की ओर से जिला स्तरीय इंटर सेंटर योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न केंद्रों से करीब 250 बच्चों ने भाग लेकर अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गुरुकुल पूंडरी के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में तीन तृतीय स्थान हासिल किए। गुरुकुल पूंडरी की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेते हुए तेजल और पीयूष की जोड़ी ने ट्रेडिशनल योग स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार करण और पीयूष ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं विजेंद्र प्रताप ने आर्टिस्टिक सोलो में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अनुशासन, संतुलन और योग कौशल का बेहतर प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का श्रेय उनके नियमित अभ्यास और प्रशिक्षक मनीषा वालिया के मार्गदर्शन को दिया गया। प्रतियोगिता के बाद विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधन सदस्य कुसुम कंसल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के बाद अब खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए।

### एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने ली डी-प्लान की बैठक

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुशील कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में डी-प्लान के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डी-प्लान के तहत स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों की नियमित रूप से निगरानी की जाए। अधिकारी समय-समय पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी करते रहें। इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। कई स्थानों से गुणवत्ता की शिकायतें प्राप्त होती है, यह नहीं होनी चाहिए।

## नूंह रैली की सफलता के लिए जींद जिले का आभार जताया



**जींद।** इनेलो प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि ताऊ देवलाल के 113वें सम्मान दिवस के अवसर पर मेवात के नूंह में हरियाणा प्रदेश के कोने-कोने से उमडे जन सैलाब के लिए जिला जींद के पार्टी के सभी राष्ट्रीय प्रदेश जिला एवं हलका स्तरीय नेताओं, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आम जनमानस को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की नीतियों एवं ताऊ देवीलाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया। जिस से हरियाणा प्रदेश का आम जनमानस इस सम्मान दिवस में अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए अपनी श्रद्धा एवं अपने साधनों से वहां पर पहुंचा। सम्मान दिवस समारोह में उमड़ी अपार भीड़ ने यह दर्शाने का काम किया कि आज भी ताऊ देवीलाल के लिए प्रदेश की जनता में वही मान और सम्मान है वहीं पर अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए सम्मान दिवस में पहुंच कर सभी रिकार्ड को तोडने का काम किया। अभय सिंह चौटाला हरियाणा में आज के दिन एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिस पर प्रदेश की जनता विश्वास करती है। वहीं आज प्रदेश का किसान, व्यापारी, महिला, कर्मचारी सभी परेशान हैं। फिर भी प्रदेश की सरकार कुंभकरण की नींद सोए हुए है।

## नागरिक अस्पताल में लगा हेल्थ कैंप

- 51 गर्भवती महिलाओं, 159 बुजुर्गों सहित 397 लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



शिविर में मरीजों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिक अस्पताल गुहला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने विशेष स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल गुहला की एसएमओ डॉ. प्रीति सिंगला तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप बातिश, डॉ. अमन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक्स-रे की सुविधा भी कराई उपलब्ध

एसएमओ डॉ. प्रीति सिंगला ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। इसके माध्यम से मरीजों की आवश्यक जांच की गई तथा उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 51 गर्भवती महिलाओं, 159 बुजुर्गों तथा 187 अन्य मरीजों सहित कुल 397 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श एवं विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया।

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले, जागरूकता कार्यक्रम के अलावा अनेक कार्यक्रम के माध्यम से जनभागीदारी को शामिल करके उनको लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य यही है कि सरकार की स्कीमों का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचे।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में दिखाए हुनर



**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालयए जींद में विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधि प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विभिन्न प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए भाषण, कविता, प्रश्नोत्तरी, हरियाणवी परंपरा, चित्रकला, रंगोली, मौके पर फोटोग्राफी, वाद्य वादन और मूक अभिनय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को सामने लाने के साथ उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा को लगातार निखारने और महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. लाभ सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी भी जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता पहचानने का अवसर मिलता है। भाषण प्रतियोगिता में रिद्धिमा तो कविता में प्रीति रही प्रथम भाषण प्रतियोगिता में रिद्धिमा ने प्रथम, अंतिम ने द्वितीय और यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रीति प्रथमए अंकुश द्वितीय और रिद्धिमा तृतीय रही।

## 25 अक्टूबर को अग्रोहा में लगने वाले राष्ट्रीय मेले को लेकर बजरंग दास गर्ग आज जींद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

### हजारों महिलाओं संग निकलेगी कलश यात्रा



25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में लगने वाले राष्ट्रीय मेले को लेकर बजरंग दास गर्ग एक अक्टूबर को जींद आएंगे। इस दिन बजरंग दास गर्ग वैश्य समाज के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। उसके बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि जींद जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु अग्रोहा धाम में पहुंचे, इसको लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही मेले को लेकर अलग अलग क्षेत्रों के लिए टीमों का गठन भी किया जाएगा। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल जींद के नगर प्रधान रामविलास मितल ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में जो राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जा रहा है, उसमें हरियाणा व आसपास के राज्यों के साथ साथ पूरे देश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में पूरा दिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न तरह की सामाजिक गतिविधियां आयोजित होगी। यह मेला राष्ट्रीय स्तर पर न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक सेवा का प्रतीक है।

इस अग्रोहा धाम मेले में 25 अक्टूबर को सुबह शक्ति सरोवर स्नान का कार्यक्रम होगा। फिर अलग-अलग मंदिरों में आरती व पूजा होगी। उसके बाद हजारों महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। फिर छप्पन भोग का कार्यक्रम रहेगा। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उसके बाद ध्वजारोहण के साथ विशाल महासम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रहित को लेकर संबोधन किया जाएगा। इस महासम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।



एसपीएस उचाना स्कूल के सामने हाइवे पर निरीक्षण को लेकर पहुंचीं एसडीएम सुमन यादव (आईएएस)।

## शिवानिया स्कूल के सामने चौक की मांग पर एसडीएम ने किया निरीक्षण

- स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश, गलत साइड से आने वाले वाहनों के होंगे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर शिवानिया पब्लिक स्कूल के सामने चौक बनाने की छह गांवों के ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने बुधवार को टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने, साइन बोर्ड लगाने तथा गलत साइड से आने वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि हाईवे पर गलत साइड से वाहन चलाने वालों पर नजर रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए जाएं। निरीक्षण के दौरान हाईवे पर गलत साइड से आ रही एक बस को रुकवाकर चालक को सख्त चेतावनी भी दी गई। सुमन यादव ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने यहां चौक बनाने की मांग रखी थी, लेकिन हाईवे पर इस स्थान पर चौक बनाया जाना संभव नहीं है।

### शिकायत का लिया संज्ञान

ग्रामीणों ने एसडीएम की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पहले शिकायत देने के बाद समाधान के लिए काफी दिनों तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन इस बार कुछ दिन पहले दी गई शिकायत पर ही प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया और समाधान की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रबंधों से आने वाले दिनों में हाईवे पर हादसों में कमी आएगी।

## स्पेशल सर्विस कैंप में 58 पात्र लाभार्थियों का चयन

- नगर परिषद में 19 विभागों ने लगाए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। स्पेशल सर्विस कैंप का निरीक्षण करते डीएमसी अनिल दून और एसडीएम सत्यवान मान।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद जींद परिसर में बुधवार को स्पेशल सर्विस कैंप आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएमसी अनिल दून और एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों पर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई। इस दौरान 58 पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। शिविर में 19 विभागों ने स्टॉल लगाए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचने वाले नागरिकों की समस्याएं सुनीं और पात्रता के आधार पर संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की।

### सरल भाषा में दें योजनाओं की जानकारी

डीएमसी अनिल दून और एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र नागरिक को योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जाए और पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पात्र नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

### पात्रों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

विशेष शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए 58 पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। संबंधित विभागों की ओर से पात्रता की जांच के बाद चयनित लोगों को योजनाओं से जोडने की प्रक्रिया शुरू की गई। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं, पेंशन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। विभागीय प्रतिनिधियों ने लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक पात्रता, दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया।



### केएम राजकीय कॉलेज में हुआ रोड सेफ्टी कार्यक्रम

**नरवाना।** सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना व रोड सेफ्टी क्लब द्वारा ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने किया उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क पर रेड लाइट नियमों का पालन एवं कॉलेज में व्हीकल लेकर आने वाले विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी बलदेव सिंह एवं प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सड़क पर पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों एवं अन्य वाहन चालकों के प्रति सावधानी और जिम्मेदारी बरतने का भी आह्वान किया। ट्रैफिक पुलिस के एसपीओ राजेश कुमार व हरदीप सिंह ने यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग किया। विद्यार्थियों ने सुरक्षित यातायात-सुरक्षित जीवन का संदेश देते हुए समाज में सड़क सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जगबीर दूहन, पिंकी श्योकंद, सुनील पूनिया, सुलतान सिंह, शुभम सिंह आदि ने कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में विश्व रेबीज दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# पशु के काटने पर तुरंत लगवाएं एंटी रेबीज वैक्सीन

रेबीज जानलेवा होता है, समय पर इलाज और उचित देखभाल से ही बचाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। बच्चों को रेबीज के बारे में जानकारी देते हुए डा. गौरी।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में बुधवार को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) हिसार कुलपति के दिशा-निर्देशों के तहत पशु विज्ञान केंद्र जींद द्वारा विश्व रेबीज दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेबीज के बारे में जागरूक करना तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। बच्चों को संबोधित करते हुए डा. गौरी चंदात्रे ने विद्यार्थियों को रेबीज के खतरे और इसके लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बीमारी के प्रसार के विभिन्न कारणों पर भी चर्चा की और स्वच्छता, टीकाकरण, प्राथमिक उपचार और सामान्य प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। डा. गौरी चंदात्रे ने बताया कि इस बार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व रेबीज दिवस 2026 का विषय एक साथ मजबूत घोषित किया है। यह विषय समुदायों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, पशु चिकित्सकों, सरकारों और वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों के बीच सहयोग के महत्व पर बल देता है, जो रेबीज के उन्मूलन के लिए आवश्यक है। डा. गौरी ने बताया कि रेबीज एक संक्रामक रोग है जो एक वायरस के कारण होता है और संक्रमित जानवर के काटने या खरोंच लगने के बाद प्रभावित होने वाले जीवों के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। लक्षण दिखने के बाद रेबीज जानलेवा होता है लेकिन घावों का तुरंत इलाज और संक्रमण के बाद की देखभाल से मृत्यु को रोका जा सकता है। डा. गौरी ने बताया कि जब किसी व्यक्ति को कुत्ते या अन्य पशु ने काट लिया हो तो उस स्थिति में एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जाती है।

### 72 घंटे में वैक्सीन लगवाना अनिवार्य

मरीज को 72 घंटे के अंदर वैक्सीन लगवाना आवश्यक होता है। वैक्सीन न लगवाने की स्थिति में रेबीज रोग होने का खतरा हो जाता है। ऐसे में वैक्सीन लगवाना अति आवश्यक होता है। मनुष्य में रेबीज के लक्षण बेचैनी, खाना-पानी निगलने में दिक्कत होना, सांस लेनें में तकलीफ होना है। डा. गौरी ने बताया कि कुत्ते, बंदर के काटने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवा एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं। जानवर के काटने या खरोंचने से बने हुए घाव को चलते पानी के नीचे साबून के साथ लगातार 15 मिनट तक अच्छे से धोएं और चिकित्सक से उपचार करवा कर पोस्ट एक्सपोजर रेबीज वैक्सीन लगवाएं। घरेलू उपचार न करें। जितना जल्दी हो सके वैक्सीन या एंटी रेबिज वैक्सीन (एआरवी) के टीके लगवाएं। पालतू कुत्तों को इंजेक्शन लगवाएं। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेबीज के बारे में शिक्षित करना तथा इसके खतरे से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रेरित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005